व्यापार की ओरोरियम (AURORIUM) आचार संहिता

हमारी संहिता

उद्देश्य

हमारी व्यापारिक आचार संहिता दैनंदिन निर्णय लेने में समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करती है। हमारी संहिता को हमारे मूल्यों का समर्थन करने, गलत काम करने से रोकने और निम्नलिखित को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया है

- कानून का अनुपालन,
- उच्च नैतिक मानकों का पालन, और
- जिम्मेदार व्यापारिक नागरिकता।

हमारी संहिता को हमारे व्यवसाय के परिचालन में आपके आचरण को निर्देशित करने में आपकी सहायता करनी चाहिए। हालाँकि हमारी संहिता में वर्णित बहुत से सिद्धांत सामान्य प्रकृति के हैं और यह संहिता उत्पन्न हो सकने वाली हर स्थिति को आवृत नहीं करती है। सामान्य ज्ञान और विवेकशील निर्णय का उपयोग करें। हमारी संहिता हमारे व्यपार के परिचालन के संबंध में मार्गदर्शन और जानकारी का अनन्य स्रोत नहीं है। आपको विशिष्ट क्षेत्रों में लागू होने वाली प्रचलित नीतियों और प्रक्रियाओं का संदर्भ प्राप्त करना चाहिए और आप कानूनों और नियमों के अनुपालन के लिए कानूनी विभाग से कभी भी संपर्क कर सकते हैं।

दायरा

हमारी संहिता वी ग्लोबल होल्डिंग्स एलएलसी के सभी निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों और इसकी बहु-स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों पर लागू होती है (आसानी के लिए, सभी को सामूहिक रूप से "कर्मचारी" के रूप में संदर्भित किया गया है)। कंपनी के एजेंटों और ठेकेदारों से भी इस संहिता को पढ़ने, समझने और इसका पालन करने की अपेक्षा की जाती है। कंपनी का परिचालन और कंपनी के कर्मचारी दुनिया भर के कई देशों और न्यायिक क्षेत्राधिकारों के कानूनों के अधीन हैं। कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे लागू होने वाले सभी सरकारी कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करें। यदि संहिता का कोई प्रावधान लागू कानून के अनुकूल नहीं है, तो कानून ही प्रभावी माना होगा।

कर्मचारियों के दायित्व

कर्मचारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे हमारी संहिता के शब्दों और भावना दोनों का अनुपालन करेंगे। इसका यह अर्थ है कि आपको, आपके कार्य पर लागू होने वाली हमारी सभी नीतियों, कानूनों और नियमों को समझना चाहिए और अपने कार्यों में उन्हें लागू करना चाहिए तथा उनका अनुपालन

करना चाहिए, भले ही ऐसा करने में आप दबाव महसूस करते हों। यदि संहिता को लागू करने के संबंध में आपका कोई प्रश्न है, तो मार्गदर्शन प्राप्त करना आपका दायित्व है। हमारी संहिता के लिए यह आवश्यक है कि आप संहिता के संदिग्ध उल्लंघनों से संबंधित किसी भी जाँच में पूरी तरह से और खुलकर सहयोग करें। समय-समय पर, आपको इस आशय का एक लिखित प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए कहा जा सकता है कि आपने व्यापार की ओरोरियम आचार संहिता की समीक्षा की है और इसे समझा है, आप हमारे मानकों का पालन करते हैं, और व्यक्तिगत रूप से दूसरों द्वारा संहिता के किसी भी उल्लंघन से अवगत नहीं हैं। यह प्रमाणन हमारी संहिता और उसकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने और ऐसी किसी भी स्थिति के बारे में तुरंत चिंता व्यक्त करने की प्रतिज्ञा है, जो आपके विचार से हमारी संहिता का उल्लंघन हो सकती है।

प्रश्न पूछना और चिंताओं की रिपोर्ट करना

यदि संहिता बारे में आपका कोई प्रश्न है या यदि आप किसी ऐसी गतिविधि के बारे में जानते हैं जो अवैध है या आपको संदेह है कि वह संहिता का उल्लंघन करती है, तो आपको अपने पर्यवेक्षक, अपनी प्रबंधन टीम के किसी सदस्य, मानव संसाधन के किसी प्रतिनिधि, अनुपालन अधिकारी से अपने प्रश्न पर चर्चा करनी चाहिए या अपनी चिंता की रिपोर्ट करनी चाहिए, या ओरोरियम इंटीग्रिटी हॉटलाइन से ऑनलाइन अथवा टेलीफोन (टोल फ्री) पर संपर्क करें जहाँ आप गोपनीय या गुमनाम रूप से रिपोर्ट कर सकते हैं। यह कंपनी को तुरंत और जिम्मेदारी से मुद्दे से निपटने का अवसर प्रदान करता है।

ओरोरियम इंटीग्रिटी हॉटलाइन

प्रबंधकों की अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ

ओरोरियम का नेतृत्व करने वाले सभी लोगों को एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देना चाहिए जहाँ अनुपालन अपेक्षित और नैतिक व्यवहार आदर्श सामान्य बात हो। किसी को भी ओरोरियम कर्मचारियों से कानून तोड़ने या कंपनी के मूल्यों, नीतियों और प्रक्रियाओं के विरुद्ध जाने के लिए नहीं कहना चाहिए। यदि प्रबंधकों को इस आशय की कोई रिपोर्ट मिले या अन्यथा किसी अन्य उल्लंघन या संहिता, कानून, या कंपनी की किसी अन्य नीति या प्रक्रिया के उल्लंघन अथवा संदिग्ध उल्लंघन के बारे में जानकारी प्राप्त होती है तो उन्हें उचित कार्रवाई करनी चाहिए, और इस कार्रवाई में उनके प्रबंधक, मानव संसाधन, या अनुपालन अधिकारी को इसकी रिपोर्ट करना भी शामिल है।

प्रतिशोध न लेने की प्रतिबध्धता

हम मानते हैं कि एक ऐसा वातावरण बनाना जरूरी है जिसमें लोग अपने विरुद्ध कोई प्रतिकूल कार्रवाई होने के डर से मुक्त होकर आंतरिक रूप से वास्तविक चिंता के किसी भी मामले को उठाने में अपने को सक्षम महसूस करें। आपकी चिंताओं पर गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा और उचित रूप से जाँच की जाएगी तथा जहाँ तक व्यावहारिक होगा, उसे गोपनीय रखा जाएगा। ओरोरियम किसी भी रूप में, इस संहिता, कंपनी की नीति, या लागू कानून के उल्लंघन या संदिग्ध

उल्लंघनों की रिपोर्ट करने वाले, या किसी कथित उल्लंघन की जाँच में सहायता करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध का निषेध करता है। किसी भी प्रतिशोधात्मक कार्य की रिपोर्ट तुरंत अपने प्रबंधक को करनी चाहिए।

हमारी संहिता के उल्लंघन के परिणाम

अगर कोई भी हमारी संहिता का उल्लंघन करता है, तो उसे समुचित रूप से अनुशासित किया जाएगा, जिसमें रोजगार की समाप्ति तक भी शामिल है।

ग्राहकों और कारोबारी साझेदारों के प्रति हमारी प्रतिबध्धता

गुणवत्ता

हम अपने उत्पादनो और सेवाओं के बारे में अपने ग्राहकों की प्रयोज्य आवश्यकताओं को पूरा करने और अन्य इच्छुक पक्षों की चिंताओं को दूर करने के लिए समर्पित हैं। हम अपने उत्पादनो, प्रक्रियाओं और सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के माध्यम से ग्राहकों की संतुष्टि प्राप्त करने के लिए प्रतिबध्ध हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि इस प्रतिबध्धता का समर्थन करने के लिए आवश्यक वातावरण, प्रशिक्षण और उपकरण उपलब्ध हैं।

उचित प्रतिस्पर्धा

हम स्वतंत्र और खुली प्रतिस्पर्धा में विश्वास रखते हैं। इसके अतिरिक्त, हम जिन देशों में काम करते हैं, उनमें से अधिकांश देशों में, मुक्त प्रतिस्पर्धा को प्रतिबंधित करने वाले कपटपूर्ण या अनुचित व्यापार व्यवहार को रोकने के लिए कठोर कानून लागू हैं। यूनाइटेड स्टेट्स के स्पर्धारोधी कानून और अन्य देशों के प्रतिस्पर्धा कानून काफी जटिल हैं और इन कानूनों का पालन करने में असफल होने के परिणामस्वरूप ओरोरियम और कानून का उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों, दोनों पर जुर्माना लगाया जा सकता है। मार्गदर्शन के लिए कानूनी विभाग से संपर्क करें।

ईमानदार विज्ञापन और विपणन

अपने विपणन, विज्ञापन और बिक्री सामग्री में ओरोरियम और अपने उत्पादनो को सही तरह से प्रस्तुत करना हमारा दायित्व है। जानबूझकर भ्रम उत्पन्न करने वाले संदेश देना, महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाना या हमारे उत्पादों, व्यक्तियों, प्रतिस्पर्धियों या उनके उत्पादों, सेवाओं, या कर्मचारियों के बारे में झूठे दावे करना हमारे मूल्यों के अनुरूप नहीं है।

ग्राहक/तृतीय पक्ष की जानकारी की गोपनीयता की रक्षा करना

हम, बहुत गंभीरता से हमें जानकारी सौंपने वाले, अपने ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्षों की गोपनीयता की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हैं। हम गोपनीयता और सूचना सुरक्षा से संबंधित सभी लागू कानूनों और नियमों का पालन करते हैं। हमें अपने ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्षों द्वारा हमारे साथ साझा

की जाने वाली जानकारियों का उपयोग केवल उन उद्देश्यों के लिए करना चाहिए जिनके लिए जानकारी एकत्र की गई थी और इस प्रकार उनकी सभी गोपनीय जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि आपके पास इस जानकारी का उपयोग करने के लिए कोई व्यावसायिक कारण नहीं है, तो आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। यदि आप ऐसा करते हैं, तो आपको अनधिकृत उपयोग या निर्गत किए जाने से जानकारी की सुरक्षा के लिए भी कदम अवश्य उठाने चाहिए।

धनशोधन विरोधी

काले धन का शोधन एक वैश्विक समस्या है जिसके दूरगामी और गंभीर परिणाम होते हैं। धनशोधन को, अवैध आय को परिवर्तित करने की ऐसी प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जाता है जिससे धन वैध प्रतीत हो और यह मात्र नकद लेन-देन तक सीमित नहीं है। जटिल वाणिज्यिक लेन-देन में आतंकवाद, अवैध नशीले पदार्थों के व्यापार, रिश्वत और धोखाधड़ी जैसी आपराधिक गतिविधियों के वित्तपोषण को छिपाया जा सकता है। ऐसी गतिविधियों में शामिल होना हमारी निष्ठा को कमजोर करता है, हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है और यह ओरोरियम और व्यक्तियों के लिए गंभीर प्रतिबंधों का ख़तरा उत्पन्न कर सकता है। हमारी कंपनी ऐसे लेन-देन में जानबूझकर शामिल होने से रोकती है जो धनशोधन की सुविधा देता है या जिसके परिणामस्वरूप गैरकानूनी विपथन होता है। हम भुगतान और वित्तीय लेन-देन के अस्वीकार्य या अवैध रूपों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए सकारात्मक कदम उठाते हैं। धनशोधन रोधी कानूनों में भुगतान की पारदर्शिता और लेन-देन में शामिल सभी पक्षों की पहचान की आवश्यकता होती है। हम दुनिया भर में धनशोधन-रोधी कानूनों के पूर्ण अनुपालन के लिए प्रतिबध्ध हैं और केवल वैध व्यावसायिक गतिविधियों और लेन-देन में शामिल प्रतिष्ठित ग्राहकों के साथ ही कारोबार करेंगे।

भ्रष्टाचार-रोधी / रिश्वत-रोधी

ओरोरियम का कोई कर्मचारी या ओरोरियम की ओर से काम करने वाला कोई भी व्यक्ति व्यवसाय या अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए, किसी प्रकार की घूस, रिश्वत या किसी अन्य अनुचित लाभ का न तो प्रस्ताव कर सकता है, न ही प्रदान या प्राप्त कर सकता है। रिश्वत को किसी कार्रवाई को प्रभावित या प्रेरित करने या अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी मूल्यवान वस्तु (जैसे, उपहार, धन, या वादे) देने का प्रस्ताव करने के रूप में परिभाषित किया जाता है। व्यापारिक लेन-देन करने या उसकी व्यवस्था करने के बदले में किसी अन्य पक्ष को एक राशि वापस करने के लिए किये जाने वाले समझौते किकबैक यानी घूस हैं। आपको हर तरह के व्यापारिक लेन-देन में रिश्वतखोरी और किकबैक यानी घूसख़ोरी होने या यहाँ तक कि वैसा प्रतीत होने से भी बचना चाहिए। यहाँ तक कि उन स्थानों पर भी, जहाँ ऐसी गतिविधि तकनीकी रूप से अवैध नहीं भी हो सकती है, ऐसा करना हमारी कंपनी की नीति द्वारा पूरी तरह से निषिद्ध है। कानूनी विभाग से अनुमोदन लिए बिना किसी सरकारी अधिकारी को कभी भी कोई मूल्यवान वस्तु न दें।

तृतीय पक्ष/ खरीद (उचित खरीदारी) का चयन और उपयोग

हम नैतिक व्यापारिक व्यवहार के उच्च सिद्धांतों को अपनाने और प्रदर्शित करने वाले तृतीय पक्षों के साथ व्यापार करने में विश्वास करते हैं, अतएव उन्हें हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का पालन करना चाहिए।

हम अपने लक्ष्यों को पूरा करने में हमारी सहायता करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और सलाहकारों पर भरोसा करते हैं। वे ओरोरियम टीम का हिस्सा हैं और उनसे हमारे मूल्यों के अनुसार व्यवहार किया जाना चाहिए। एक ऐसा वातावरण बनाने के लिए जिसमें हमारे आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार और सलाहकार ओरोरियम के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित हों, उन्हें यह विश्वास होना चाहिए कि उनके साथ नैतिक रूप से व्यवहार किया जाएगा। हम संभावित तृतीय पक्षों को, अपने व्यापार के लिए प्रतिस्पर्धा करने का उचित अवसर प्रदान करते हैं। चयन संबंधी सभी निर्णय कंपनी की जरूरतों, परियोजना की आवश्यकताओं और विक्रेता की योग्यता पर आधारित होते हैं।

मानवाधिकार

हम मौलिक मानवाधिकारों को कायम रखने के लिए प्रतिबध्ध हैं और यह मानते हैं कि पूरी दुनिया के सभी मनुष्यों से मर्यादा, निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। हमारी कंपनी केवल उन्हीं आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों को नियुक्त करेगी जो अपने श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति गंभीर प्रतिबध्धता रखते हैं और मानवाधिकार कानूनों का अनुपालन करते हुए परिचालन करते हैं। ओरोरियम बाल श्रम, गुलाम श्रम, जबरन श्रम या मानव तस्करी का उपयोग या इनके उपयोग की अनदेखी नहीं करता है। ओरोरियम व्यक्तियों से किसी प्रकार के अपमानजनक व्यवहार या काम करने की असुरक्षित स्थिति की निंदा करता है और हमारे उत्पादों को संघर्षयुक्त खनिजों से मुक्त होने का समर्थन करता है।

सहकर्मियों के प्रति हमारी प्रतिबध्धता

कोई भेदभाव नहीं

हमारी सफलता के लिए, विभिन्न प्रकार के कौशल, क्षमता, अनुभव और दृष्टिकोण लाने वाले टीम के सदस्यों से गठित विविधतापूर्ण कार्यबल होना आवश्यक है। हम रोजगार के समान अवसर, समावेश और सम्मान के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबध्ध हैं। रोजगार से संबंधित सभी निर्णय कंपनी की जरूरतों, कार्य की आवश्यकताओं और व्यक्तिगत योग्यता पर आधारित होने चाहिए। हम नस्ल, रंग, धर्म, राष्ट्रीय मूल, लिंग (गर्भावस्था सहित), यौन उन्मुखता, लिंग पहचान, वैवाहिक स्थिति, आयु, विकलांगता, अतीत या वर्तमान सैन्य सेवा या जहाँ हम काम करते हैं वहाँ के कानूनों या नियमों द्वारा संरक्षित किसी अन्य स्थिति के आधार पर टीम के सदस्यों, ग्राहकों, व्यापार भागीदारों या अन्य हितधारकों के विरुध्ध किसी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं करते हैं। हम काम करने के लिए कानूनी रूप से अधिकृत हर एक व्यक्ति को रोजगार का समान अवसर प्रदान करते हैं। हम विकलांग व्यक्तियों को उचित स्थान प्रदान करते हैं और उनकी सफलता के लिए कृत्रिम बाधाओं को दूर करते हैं।

कोई उत्पीड़न नहीं

प्रत्येक कर्मचारी को उत्पीड़न-मुक्त कार्य वातावरण पाने का अधिकार है, भले ही वह उत्पीड़क कोई सहकर्मी, पर्यवेक्षक, प्रबंधक, ग्राहक, विक्रेता या आगंतुक हो। उत्पीड़न में ऐसा कोई भी व्यवहार (मौखिक, दृश्य या शारीरिक) शामिल हो सकता है जो कार्य वातावरण को भयपूर्ण, आक्रमक, अपमानजनक या शत्रुतापूर्ण बनाता है। हम नस्ल, रंग, धर्म, राष्ट्रीय मूल, लिंग, यौन उन्मुखता, लिंग पहचान, आयु, विकलांगता या कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य स्थिति के आधार पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे। निषिध्ध उत्पीड़न में यौन उत्पीड़न शामिल है, जिसे अवांछित यौन व्यवहार, यौन अनुग्रह के लिए अनुरोध और यौन प्रकृति के अन्य मौखिक या शारीरिक आचरण के रूप में परिभाषित किया गया है। यौन उत्पीड़न में अन्य अनेक सूक्ष्म और कम सूक्ष्म व्यवहार शामिल हो सकते हैं और इसमें एक ही या अलग लिंग के व्यक्ति शामिल हो सकते हैं।

समुचित वेतन

हमारी कंपनी अपने कर्मचारियों को उपयुक्त कार्य समय और उचित वेतन प्रदान करने के लिए प्रतिबध्ध है।

कार्यस्थल सुरक्षा और हिंसा निवारण

हम अपने परिसर में कर्मचारियों, ग्राहकों और आगंतुकों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल प्रदान करने का प्रयास करते हैं। उचित सुरक्षा और स्वास्थ्यकर स्थिति सुनिश्चित करना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। ओरोरियम औधोगिक स्वच्छता, कर्मचारी पारिस्थितिकी (एर्गोनॉमिक्स) और सुरक्षा सहित, कर्मचारी सुरक्षा और स्वास्थ्य के सभी क्षेत्रों में ऊद्योग के मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबध्ध है। इस प्रतिबध्धता का समर्थन करने के लिए, कर्मचारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने काम पर लागू सभी सुरक्षा और स्वास्थ्य नियमों, प्रथाओं और कानूनों का पालन करें और खुद अपने, अपने सहकर्मियों और आगंतुकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। कर्मचारी दुर्घटनाओं, चोटों, व्यावसायिक बीमारियों और असुरक्षित प्रथाओं या स्थितियों के बारे में अपने पर्यवेक्षक को तुरंत रिपोर्ट करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। धमकी, हिंसा और शारीरिक धमकी के कार्य सख्ती से निषिध्ध हैं। कार्य स्थल पर या ओरोरियम परिसर में हथियार रखने पर प्रतिबंध है। हिंसा की कोई बात करना और हिंसा से जुड़े मजाक करने को सहन नहीं किया जाएगा।

मादक द्रव्यों का सेवन

ओरोरियम के कर्मचारियों को मादक पदार्थ और शराब सहित ऐसे किसी भी नशीले पदार्थ के प्रभाव से मुक्त रहकर काम करने की आवश्यकता होती है, जो उन्हें कार्य संबंधी गतिविधियों को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से करने में रोकते हैं। अगर यह संदेह हो कि कोई कर्मचारी मादक पदार्थ या आल्कोहल के प्रभाव में है तो हमारी कंपनी के पास किसी भी कर्मचारी का परीक्षण करने का अधिकार सुरक्षित है। यदि आप नुस्खे या गैर-नुस्खे वाली ऐसी दवाओं का उपयोग कर रहे हैं जो

सतर्कता या निर्णय क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं, या आप किसी कर्मचारी को नशे में देखते हैं, जिससे संभवतः दूसरों की सुरक्षा या कंपनी के व्यावसायिक हितों के लिए ख़तरा उत्पन्न हो सकता है, तो आपको तुरंत इसकी सूचना देनी चाहिए। यदि आपको शराब या मादक पदार्थों से संबंधित कोई समस्या है, तो आपको योग्य पेशेवरों से सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

कर्मचारी की गोपनीयता

ओरोरियम कर्मचारियों की व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता का सम्मान करता है। इसमें कर्मचारियों के चिकित्सा और कार्मिक रिकॉर्ड भी शामिल हैं। कोई वैध और कानून-सम्मत कारण होने पर ही व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच अधिकृत होती है और यह पहुँच केवल उपयुक्त कर्मियों को दी जाती है। किसी भी परिस्थिति में हमारी कंपनी के बाहर के किसी भी व्यक्ति द्रारा गोपनीय कर्मचारी की जानकारी देने के अनुरोध को हमारी नीतियों के अनुसार अनुमोदित होना चाहिए। हालाँकि यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि कर्मचारियों को कार्यस्थल संबंधी संप्रेषण के सामान्य क्रम या ओरोरियम परिसर में लाई गई या ओरोरियम व्यवसाय के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी निजी संपत्ति की गोपनीयता की कोई अपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

निष्ठा के साथ कार्य करने और हमारी कंपनी की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबध्धताएं

स्वामित्वयुक्त और गोपनीय जानकारी

हमारी कंपनी के व्यवसाय से संबंधित सभी जानकारी को जब तक अधिकृत सार्वजनिक दस्तावेजों में जारी नहीं किया गया हो तब तक स्वामित्वयुक्त और गोपनीय माना जाना चाहिए। आपको गोपनीय और स्वामित्वयुक्त जानकारी की सुरक्षा के लिए कदम उठाने चाहिए। आपको दूसरों से या सार्वजनिक क्षेत्रों में इसकी चर्चा नहीं करनी चाहिए। व्यक्तिगत लाभ के लिए ओरोरियम की गोपनीय जानकारी या दस्तावेजों की प्रतिलिपि बनाना या उसे अन्यथा प्रसारित करना कभी उचित नहीं हो सकता है। ऐसी सभी जानकारी और दस्तावेजों को एक व्यवसाय के "जानना आवश्यक है" के अनुसार प्रबंधित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, ओरोरियम के साथ आपका रोजगार समाप्त होने के बाद भी ऐसी जानकारी को गोपनीय रखने का आपका दायित्व जारी रहेगा।

बौध्धिक संपदा और बौध्धिक संपदा की सुरक्षा

हमारी बौध्धिक संपदा हमारी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है। बौध्धिक संपदा मानव मन की रचनाओं को संदर्भित करती है जो विभिन्न राष्ट्रीय कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय संधियों द्वारा संरक्षित होती है। बौध्धिक संपदा में कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, व्यापार रहस्य, डिजाइन अधिकार, लोगो, विशेषज्ञता और अन्य अमूर्त औद्योगिक या वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं। हमें अपनी बौध्धिक संपदा अधिकारों की संरक्षा करनी चाहिए और जब उचित हो तब उसे लागू करना चाहिए। हम तृतीय पक्ष से संबंधित बौध्धिक संपदा का भी सम्मान करते हैं। हमारी नीति है कि हम दूसरों के बौध्धिक संपदा अधिकारों का जानबूझकर उल्लंघन न करें।

बाहरी पक्षों के साथ संप्रेषण

जब तक हमारे सीईओ द्रारा ऐसा करने के लिए अधिकृत नहीं किया जाता है तब तक ओरोरियम के कर्मचारी हमारी कंपनी की ओर से मीडिया, निवेशकों और विश्लेषकों के साथ बात करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। जब तक आप अधिकृत न हों, तब तक आप ऐसे किसी भी संप्रेषण में, जो सार्वजनिक हो सकता है, यह धारणा न बनने दें कि आप ओरोरियम की ओर से बोल रहे हैं। इसमें ऑनलाइन फ़ोरम, सोशल मीडिया साइट, ब्लॉग, चैट रूम और बुलेटिन बोर्ड के पोस्ट शामिल हैं। यह नीति हमारे व्यवसायों से संबंधित विशिष्ट मामलों के लिए पत्रकारों से की गई टिप्पणियों के साथ-साथ संपादक को लिखे पत्रों और उत्पादों या सेवाओं के समर्थन पर भी लागू होती है।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उचित उपयोग

ओरोरियम आपके काम को पूरा करने में हमारी कार्यकुशलता को बढ़ाने के उद्देश्य से ई-मेल, कंप्यूटर, कंप्यूटर अनुप्रयोग, नेटवर्क, इंटरनेट, इंट्रानेट, फेशिमाइल मशीन, मोबाइल फोन, पेजर, अन्य वायरलेस संचार डिवाइस, टेलीफोन और वॉइस मेल सिस्टम जैसे सूचना और प्रौद्योगिकी संसाधनों की एक सारणी प्रदान करता है। कृपया स्मरण रखें कि ये उपकरण कंपनी की संपत्ति हैं और इसका उपयोग ऐसे तरीके से किया जाना चाहिए जो ओरोरियम और यहां काम करने वाले सभी लोगों पर सकारात्मक रूप से प्रतिबिंबित होता है। इन संसाधनों के सामयिक, सीमित व्यक्तिगत उपयोग की अनुमति है, लेकिन यह आपके कार्य प्रदर्शन या आपके सहयोगियों के कार्य प्रदर्शन में कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। ओरोरियम बिना किसी सूचना के, अपनी सूचना और प्रौद्योगिकी संसाधनों के उपयोग की निगरानी और निरीक्षण का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बाज़ार में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ रहा है। यह हमें अपने हितधारकों के साथ जानकारी साझा करने और सीखने में सक्षम करता है, साथ ही यह जनता से हमारी कंपनी के बारे में संवाद भी करता है। सभी कंपनी नीतियों का पालन करने के अलावा, सोशल मीडिया का उपयोग करते समय एक सामान्य नियम याद रखना चाहिए कि आपके द्रारा दिए जाने वाले बयानों के प्रभाव के बारे में अवश्य सोचें। ध्यान रखें कि ये प्रसारण स्थायी और आसानी से हस्तांतरणीय हैं, और ये हमारी कंपनी की प्रतिष्ठा और सहकर्मियों और ग्राहकों के साथ संबंधों को प्रभावित कर सकते हैं। ब्लॉग, फेसबुक, ट्विटर, या लिंक्डइन जैसे सोशल मीडिया माध्यमों का उपयोग करते समय यह सुनिश्चित करें कि आप उचित प्राधिकार के बिना ओरोरियम की ओर से टिप्पणी न करें। साथ ही, आपको हमारे व्यवसाय, हमारे आपूर्तिकर्ताओं या हमारे ग्राहकों के बारे में हमारी कंपनी की गोपनीय या स्वामित्वयुक्त जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहिए।

उपहार और मनोरंजन

अक्सर व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने के लिए मामूली उपहार, उपकार और मनोरंजन का उपयोग किया जाता है। हालाँकि अगर कोई उपहार, उपकार या मनोरंजन प्राप्तकर्ता को बाध्य करता है या बाध्य करता प्रतीत होता है अथवा अगर इसे निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करने का प्रयास माना जा

सकता है, तो इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

हितों के टकराव से बचना

हमारा दायित्व है कि व्यक्तिगत हितों या लाभ के प्रभाव के बिना ओरोरियम के सर्वोत्तम हित में ठोस व्यापारिक निर्णय लें। हमारी कंपनी को आपके व्यक्तिगत हितों और हमारी कंपनी के हितों के बीच किसी भी टकराव, या यहाँ तक कि टकराव के प्रतीत होने से भी बचने की आवश्यकता है। जब आपके या परिवार के किसी सदस्य के हितों, कर्तव्यों, दायित्वों या गतिविधियों का ओरोरियम के हितों के साथ टकराव हो या वे ओरोरियम के हितों से असंगत हों तो टकराव होता है। हितों का टकराव हमारे व्यक्तिगत निर्णय और हमारी कंपनी के लिए जाँच और आलोचना का जोखिम उत्पन्न करता है और हमारी विश्वसनीयता और हमारे प्रति अन्य लोगों के भरोसे को कम कर सकता है। जैसे ही व्यवसायिक या व्यक्तिगत हितों का कोई टकराव उत्पन्न हो या उसके उत्पन्न होने की संभावना दिखाई दे, आपको तुरंत समीक्षा के लिए कंपनी नेतृत्व के समक्ष इसका खुलासा करना चाहिए। कुछ उदाहरणों में, खुलासा करना पर्याप्त नहीं भी हो सकता है और हमें उस आचरण को रोकने या जहाँ संभव हो उसे उलटने के लिए कार्रवाई करने की आवश्यकता हो सकती है। चूँकि प्रत्येक संभावित टकराव का वर्णन करना असंभव है, इसलिए हम उचित निर्णय लेने के लिए, उचित होने पर सलाह लेने और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का पालन करने के लिए आप पर निर्भर करते हैं।

व्यापार अनुपालन (निर्यात/ आयात नियंत्रण)

हम सभी संयुक्त राज्य अमेरिका के आयात और निर्यात कानूनों और विनियमों के साथ-साथ किसी निर्दिष्ट लेन-देन पर लागू होने वाले किसी भी न्यायिक अधिकार का अनुपालन करते हैं। ये कानून कुछ निश्चित देशों और व्यक्तियों के लिए उत्पादों या तकनीकी डेटा के हस्तांतरण, निर्यात और बिक्री और साथ ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर कुछ वस्तुओं के पुनर्निर्यात को भी प्रतिबंधित करते हैं। यदि आप माल और डेटा का आयात और निर्यात करने के कार्य में शामिल हैं, तो आप इन कानूनों को जानने और उनका पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं।

सटीक वित्तीय रिकॉर्ड / आंतरिक लेखा नियंत्रण बनाए रखें

हमारे व्यवसाय के लिए सटीक और विश्वसनीय रिकॉर्ड अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हम कानूनी और नैतिक व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करने और धोखाधड़ी की गतिविधियों को रोकने के लिए सटीक कंपनी रिकॉर्ड और खाते बनाए रखने के लिए प्रतिबध्ध हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि हम जो जानकारी रिकॉर्ड करते हैं, प्रसंस्कृत और विश्लेषित करते हैं वह सही है, और उसे लागू कानूनी या लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार दर्ज किया गया है। हमारे लिए यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि उसे सुरक्षित रखा जाए और जिस समय जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता हो, उसे आसानी से उपलब्ध कराया जाए। कंपनी के रिकॉर्ड में बिक्री की जानकारी, वेतनमान, टाइमकार्ड, यात्रा और व्यय रिपोर्ट, ई-मेल, लेखा और वित्तीय डेटा, माप और प्रदर्शन रिकॉर्ड, विश्लेषण के प्रमाण पत्र, इलेक्ट्रॉनिक डेटा फाइलें और हमारे व्यवसाय के सामान्य क्रम में बनाए गए

अन्य सभी रिकॉर्ड शामिल हैं। सभी कंपनी रिकॉर्ड सभी भौतिक मामलों में पूर्ण, सटीक और विश्वसनीय होने चाहिए। कभी भी झूठी या भ्रामक प्रविष्टियाँ करने का कोई कारण नहीं हो सकता। अघोषित या अनधिकृत धन, भुगतान, या रसीदें हमारी व्यावसायिक प्रथाओं के अनुकूल नहीं हैं और निषिध्ध हैं।

हमारी कंपनी के एक कर्मचारी के रूप में आपकी जिम्मेदारी यह भी है कि हमारी किसी भी लेखापरीक्षा या हमारी कंपनी के वित्तीय वक्तव्यों की समीक्षा के संबंध में, बाहरी लेखापरीक्षकों के समक्ष निर्बाध और पूर्ण खुलासा करें और उनके साथ सहयोग करें। यदि आपके पास यह मानने का कोई कारण है कि हमारी कंपनी की कोई भी पुस्तक और रिकॉर्ड भौतिक रूप से गलत या अपूर्ण तरीके से रखा जा रहा है, तो आपको तुरंत अपने प्रबंधक, मुख्य वित्तीय अधिकारी या अनुपालन अधिकारी को इसकी सूचना देनी होगी।

नियामकों के साथ संबंध

हम जिस उच्च विनियमित पर्यावरण में काम करते हैं उसको देखते हुए, हमें प्रासंगिक कानूनों और नियमों का पालन करने की अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के बारे में सतर्क रहना चाहिए। हम उचित प्रकार से और समय पर जानकारी देने के लिए नियामकों के अनुरोधों का जवाब देने सहित, हमारे कर्मचारियों के अपने नियामकों के साथ पूर्ण सहयोग की उम्मीद करते हैं। यदि हम किसी नियामक की या कानूनी चिंताओं से अवगत होते हैं, तो हमें उनके बारे में अपने पर्यवेक्षक, प्रबंधक या कानूनी विभाग को अवगत कराना चाहिए। हम नियामक नीति, प्रस्तुतियों, अनुपालन और उत्पाद प्रदर्शन के मामलों पर नियामकों के साथ एक खुला, रचनात्मक और व्यावसायिक संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबध्ध हैं।

राजनीतिक गतिविधियाँ और योगदान

हम अपने कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों को समुदाय में योगदान देने और स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक प्रक्रियाओं में पूरी तरह से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। एक स्वतंत्र नागरिक के रूप में, आप अपनी पसंद के उद्देश्यों, उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए स्वतंत्र हैं। यदि आप किसी सार्वजनिक मंच (जैसे कि अखबार को एक पत्र) में व्यक्तिगत दृष्टिकोण व्यक्त करते हैं, तो ओरोरियम लेटरहेड, कंपनी ई-मेल का उपयोग न करें, या अपने व्यवसाय के पते या पद का संदर्भ लें। हमारी कंपनी राजनीतिक योगदान सहित राजनीतिक मामलों में अपनी भागीदारी को विनियमित करने वाले सभी प्रासंगिक कानूनों का पालन करेगी।

हमारे समुदायों के प्रति हमारी प्रतिबध्धता

धर्मार्थ योगदान

हम दुनिया भर में सामुदायिक विकास का समर्थन करते हैं। ओरोरियम कर्मचारी इन प्रयासों में योगदान दे सकते हैं, या अपनी पसंद के संगठनों में योगदान करने का विकल्प चुन सकते हैं।

हालाँकि जैसा राजनीतिक गतिविधियों के मामले में है, आप हमारी कंपनी द्वारा विशेष रूप से स्वीकृत या समर्थित करने के लिए नहीं चुने गए धर्मार्थ या अन्य गैर-लाभकारी संस्थानों का व्यक्तिगत रूप से समर्थन करने के लिए कंपनी के संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकते हैं।

पर्यावरण प्रबंधक

हम पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार तरीके से कारोबार करने के लिए प्रतिबध्ध हैं और अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, समुदायों, शेयरधारकों और पर्यावरण को लाभ पहुँचाने के लिए अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। हम ऊर्जा का उपयोग बुद्धिमानी और कुशलता से करते हैं और पर्यावरणीय प्रभाव के जोखिम को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं। जिन कर्मचारियों के काम से पर्यावरण अनुपालन प्रभावित होता है, उनका अपने काम पर लागू होने वाले परमिट, क़ानूनों और नियमों से पूरी तरह परिचित होना आवश्यक है। यह सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि ओरोरियम का कारोबार सभी लागू कानूनों का अनुपालन करते हुए और पर्यावरण की सुरक्षा करने के लिए उचित तरीके से किया जाता है।

सामाजिक उत्तरदायित्व और स्थायित्व

हमें एक ऐसी कंपनी होने पर गर्व है जो ईमानदारी के साथ काम करती है, अच्छे विकल्प चुनती है, और हमारे कारोबार के हर पहलू में सही काम करती है। हम यह परिभाषित करने के लिए अपने को लगातार चुनौती देते रहेंगे कि हमारे लिए एक जिम्मेदार कंपनी होने का क्या अर्थ है, और ओरोरियम में अपनी परिभाषा को व्यवहार और सुधार में परिणत करने के लिए काम करेंगे। हम अपने व्यावसायिक लक्ष्यों के साथ अपने सामाजिक और पर्यावरणीय प्रयासों को संरेखित करना चाहते हैं और अपनी प्रगति का आकलन करने के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक - दोनों प्रकार के मापदंड लगातार विकसित करते रहेंगे।

*** ***प्रश्न उठाएँ या चिंताओं की रिपोर्ट करें*** ***
ओरोरियम इंटीग्रिटी हॉटलाइन